संख्या-1/8/2001-का-4-2007

प्रेषक,

जे.एस.दीपक,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवामें,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 18 जून, 2007

विषयः-सिविल सेवा बोर्ड का गठन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक समसंख्यक शासनादेश दिनांक 24 दिसम्बर, 2001 एवं दिनांक 19 मई, 2007 के क्रम में आपको यह अवगत कराने का मुझे निदेश हुआ है कि भारतीय वन सेवा एवं उनकी पोषक सेवाओं के लिए सिविल सेवा बोर्ड का गठन निम्नवत् किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) प्रमुख सचिव, वन	अध्यक्ष
(2) सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी	सदस्य
(3) प्रमुख वन संरक्षक	सदस्य

2. समसंख्यक शासनादेश दिनांक 24 दिसम्बर, 2001 का प्रस्तर-1 उपर्युक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा । उक्त शासनादेश की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी ।

3. कृपया उपर्युक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(जे.एस.दीपक)
सचिव

संख्या-1/8/2001(1)-का-4-2007, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
2. अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
3. प्रमुख सचिव/ सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।

आज्ञा से,

(बी.एन.दीक्षित)
विशेष सचिव